Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the issue of identification of unsafe places in the cities from the point of view of suspected fire incidents and plan to underground the electric cables there.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, धन्यवाद।

महोदय, देश के लगभग सभी महानगरों तथा बड़े नगरों में ऐसे पुराने बाजार तथा मोहल्ले हैं जिन तक पहुंचने के लिए अत्यंत संकरी गलियों से होकर जाना पड़ता है। इन बाजारों/मोहल्लों में विद्युत सप्लाई के लिए तारों का घना संजाल बना रहता है। इन स्थानों विशेषकर बाजारों में कोई आग लगने की दुर्घटना यदि दुर्भाग्यवश हो जाए तो संकरी गलियों के कारण अग्निशमन दल वहां पहुंच नहीं सकता तथा इस कारण करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो सकती है तथा जनहानि भी हो सकती है। इस प्रकार के दुखद अग्निकांड के समय प्रभावित व्यक्तियों की असहाय स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र मेरठ तथा हापुड़ में ही ऐसे अनेक स्थान हैं जो बेहद खतरनाक स्थिति में हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देश के महानगरों/नगरों में स्थित इस प्रकार के आशंकित अग्निकांड की दृष्टि से अत्यंत असुरक्षित स्थानों को चिन्हित किया जाए तथा इन स्थानों पर बिजली की तारों को भूमिगत किए जाने की योजना प्राथमिकता के आधार पर बनवाकर उसे क्रियान्वित किया जाए।

महोदय, आपने बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।